# राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
एसबीयू–पीसी लिग्नाईट
खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005 (राज.)
फोन: 0141-2227938, 2227947 फैक्स: 0141-2227360, 2227761
ई–मेल: rsmmljpr@bsnl.in, jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in, वैब: www.rsmm.com
रजिस्टर्ड ऑफिस : सी-89-90, जन पथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर
CIN No. U14109RJ1949SGC000505, GSTIN: 08AAACR7857H1Z0


ई– निविदासंख्याः एफ.6(1)76/CC/2025/28 दिनांकः 27.04.2026

## एस.बी.यू. एवं पी.सी.–लिग्नाईट परियोजना, बाड़मेर एवं नागौर की खदानों पर उपलब्ध फायर ब्रिगेड वाहनों के संचालन हेतु कुशल एवं उच्च कुशल श्रमिको की आवश्यकता हेतु ई–निविदा प्रपत्र

द्वारा

समूह महाप्रबन्धक (लिग्नाईट),
आर.एस.एम.एम. लिमिटेड, एसबीयू एवं पीसी–लिग्नाईट,
खनिज भवन, जयपुर (राज.)

| | |
|---|---|
| Period of online availability of Tender Document. | From 27.04.2026 to 13.05.2026 upto 1:00 P.M. |
| Last date and time of uploading the documents and submission of bid online. | 13.05.2026 upto 2:00 P.M. |
| Last date of physical deposition of EMD, Cost of Tender Document, Processing fees and requisite original Documents/Affidavits etc. with duly filled TD. | 13.05.2026 upto 3:00 P.M. |
| Online opening of Bid (Part-I). | On 13.05.2026 at 3:30 P.M. |


| | | |
|---|---|---|
| रजिस्टर्ड ऑफिस :<br>सी–89–90, जनपथ,<br>लाल कोठी स्कीम,<br>जयपुर–302 015 (राज.)<br>फोन : 0141–2743734<br>फैक्स : 0141–2743735 | कॉर्पोरेट ऑफिस :<br>4, मीरा मार्ग, उदयपुर–313 001 (राज.)<br>फोन : (0294) 2527211, 2428763–67<br>फैक्स : (0294) 2428770, 2428739<br>(CIN No. U14109RJ1949SGC000505) | एसबीयू एवं पीसी – लिग्नाईट<br>खनिज भवन, तिलक मार्ग,<br>सी–स्कीम, जयपुर –302 005 (राज.)<br>फोन : 0141–2227949, 2227627<br>फैक्स : 0141–2227761 |

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

एसबीयू–पीसी लिग्नाईट

खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005

फोनः 0141-2227938, 2227947 फैक्सः 0141-2227360, 2227761

ई–मेलः rsmmljpr@bsnl.in, jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in, वैबः www.rsmm.com

रजिस्टर्ड ऑफिस : सी-89-90, जन पथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर (राज.)

CIN No. U14109RJ1949SGC000505, GSTIN: 08AAACR7857H1Z0


ई– निविदासंख्याः एफ.6(1)76/CC / 2025 / 28 दिनांकः 27.04.2026

## विस्तृत ई–निविदा सूचना

एसबीयू एवं पीसी–लिग्नाईट, जयपुर की लिग्नाईट परियोजना जो कि बाड़मेर एवं नागौर जिले में स्थित है कि सोनडी एवं कसनाउ मातासुख लिग्नाईट खदान पर उपलब्ध फायर ब्रिगेड दो (02) वाहनों के संचालन हेतु कुशल एवं उच्च कुशल श्रमिको की सेवायें उपलब्ध करवाने के इच्छुक विर्निदिष्टित बोलीदाताओं / संवेदकों, जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.), आयकर (पेन नम्बर) तथा राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट, 1932 या इण्डियन कम्पनी एक्ट, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत व अनुभवी हों, से, वार्षिक / मासिक दर जो कि राजस्थान सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम, 11 वर्ष, 1948) द्वारा अधिसूचित हैं पर कार्य करने के लिये ऑन–लाईन प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं जिनका विवरण निम्न प्रकार से है :–

| कार्य का विवरण | बयाना राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|
| बाड़मेर एवं नगौर जिले में स्थित है कि सोनडी लिग्नाईट खदान एवं कसनाउ मातासुख लिग्नाईट खदान पर उपलब्ध दो (02) फायर ब्रिगेड वाहनो के संचालन हेतु कुशल (चालक) (04) एवं उच्च कुशल (फायरमेन) (04) की सेवायें । | रूपये 43,600 /– | एक (01) वर्ष |
| Cost of tender document is **Rs. 1180/-** (Including of GST) by Demand Draft/Pay Order/Banker's Cheque, in favour of "RSMM Ltd." payable at Jaipur. | | |
| Processing Fee. | Rs. 500/- payable by D.D. in favour of M.D., RISL, payable at Jaipur. | |
| Period of online availability of TD. | From 27.04.2026 to 13.05.2026 upto 01:00 PM | |
| Last date and time of uploading the documents and submission of bid online. | 13.05.2026 upto 2:00 PM | |
| Last date of physical deposition of EMD, Cost of TD, Processing fees and requisite original Documents/ Affidavits etc. with duly filled TD. | 13.05.2026 upto 3:00 PM | |
| Online opening of Bid (Part-I). | 13.05.2026 at 3:30 PM | |

निविदाओं को निम्न योग्यताओं के आधार पर आगे की प्रक्रिया के लिए प्रि–क्वालिफाइड किया जावेगाः

1. निविदाकर्ता राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.), आयकर (पेन नम्बर), राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट, 1932 के अन्तर्गत तथा इण्डियन कम्पनी एक्ट, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

   "बोलीदात्ता (Bidder) के द्वारा निविदा प्रस्तुत किये जाने के समय राजस्थान श्रमिक अनुबंधित अधिनियम एवं श्रमिक अनुबंध नियम, 1970 / संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अद्यतन प्रावधानों के अन्तर्गत पंजीकरण करवाना आवश्यक है।बोलीदाता द्वारा पंजीकरण प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। यदि नियमों के अन्तर्गत बोलीदाता पंजीकरण बाध्यता की सीमा में नहीं है तो वह तदनुसार वचन–पत्र (Untertaking) प्रस्तुत करते हुए बोली में भाग ले सकता है।

   नोट :– सफल बोलीदाता को यह शपथ–पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा कि निविदा अवधि के दौरान यदि उसके द्वारा राजस्थान श्रमिक अनुबन्धित अधिनियम एवं श्रमिक. अनुबनध नियम, 1970 / संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत पंजीकरण कराया जाना आवश्यक हो तो तदनुसार पंजीकरण कराते हुए प्रमाण–पत्र की प्रति संबंधित कार्यालय को उपलब्ध करवाई जा सकेगी।

2. निविदाकर्ता के पास कम से कम रुपये 10,90,000/– का कारोबार तीन वित्तीय वर्ष क्रमशः 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में से किसी एक वर्ष में स्वयं के नाम से होना आवश्यक है। टर्न ओवर के पक्ष में चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा सत्यापित दस्तावेज (with 18 digit UDIN) (बेलेन्स शीट, टीडीएस सर्टिफिकेट, इन्कम टैक्स रिटर्न इत्यादि) संलग्न करना आवश्यक है।

3. निविदाकर्ता के पास समान प्रकृति के कुशल श्रेणी या उच्च कुशल श्रेणी के श्रमिक खदानों पर उपलब्ध करवाने से सम्बन्धित कार्य का अनुभव होना आवश्यक है, इस सम्बन्ध में कम से कम रुपये 10,90,000/– (**दस** लाख **नब्बे हजार** मात्र) राशि का एक सम्पादित कार्य प्रमाण–पत्र गत तीन वित्तीय वर्ष क्रमशः 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में से किसी एक वर्ष में स्वयं के नाम होना आवश्यक है।

4. *जो निविदाकर्ता/व्यवसायी/वास्तविक अधिकारी/संस्थान का साझेदार/किसी सहकारी समिति का सदस्य/ संस्थान का कोई निदेशक जो कि आर.एस.एम.एम.एल. का लिग्नाईट खरीददार या खरीददार का मध्यस्थ/सम्पर्क अधिकारी/आर.एस.एम.एम.एल. के लिग्नाईट का परिवहन प्रतिनिधि हो तो ऐसे निविदाकर्ता इस निविदा में भाग लेने के लिये पात्र नहीं होंगे। इस प्रकार की निविदा प्राप्त होने पर वे निरस्त कर दी जायेंगी ।*

5. जिन निविदाकर्ताओं को कम्पनी द्वारा पूर्व में किसी भी कार्य हेतु कार्यादेश जारी किया गया हो उसके पश्चात् यदि उसे निविदाकर्ता ने स्वीकार नहीं किया हो या कार्य बीच में छोड़ दिया हो या निविदाकर्ता की गलती की वजह से कार्यादेश कम्पनी द्वारा निरस्त कर दिया गया हो तो ऐसे निविदाकर्ता इस निविदा में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे तथा **कम्पनी द्वारा/अन्य सरकारी विभागों द्वारा** प्रतिबन्धित किये गये निविदाकर्ता भी इस निविदा में भाग लेने के लिये पात्र नहीं होंगे जितने समय के लिये उन्हें प्रतिबन्धित किया गया है ।

**ई–निविदाकर्ता अपनी निविदा दिनांक 13.05.2026 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय, खनिज भवन, तिलक मार्ग, जयपुर में सांय 03:00 बजे तक प्रस्तुत करेगा तथा निश्चित समय एवं तिथि पर उपस्थित निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ई–निविदा का प्रथम भाग (तकनीकी एवं वाणिज्यिक प्रस्ताव) खोला जाएगा, तथा सफल निविदाकर्ताओं को सूचीबद्ध किया जाकर ऐसे सूचीबद्ध निविदाकर्ताओं का ही द्वितीय भाग (दर प्रस्ताव) बाद में खोला जाएगा उसकी सूचना सफल निविदाकर्ताओ को भिजवायी जावेगी ।**

ई–निविदा के बारे में विस्तृत जानकारी ई–निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है जो कि www.rsmm.com, eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.rajasthan.nic.in पर उपलब्ध है । इस हेतु कार्यालय समयावधि में किसी भी कार्यदिवस को समूह महाप्रबन्धक (लिग्नाईट) से भी सम्पर्क किया जा सकता है ।

<u>बयाना राशि</u> रू. 43,600/– निविदा प्रस्ताव के साथ जमा करानी होगी ।

उपरोक्त के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा स्वीकृत नहीं की जावेगी, किसी भी प्रकार से निविदा प्राप्ति में देरी अथवा विलम्ब के बारे में दावा मान्य नहीं होगा । कम्पनी के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

समूह महाप्रबन्धक (लिग्नाईट)

नोट : निविदाकार को सलाह दी जाती है कि निविदा में किसी भी शुद्धीपत्र/परिशिष्ट के लिए निविदा की देय तिथि तक हमारी वेबसाईट देखें ।

# राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

**एसबीयू–पीसी लिग्नाईट,**

खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर –302005 (राज.)

**फोन:** 0141-2227938, 2227947 **फैक्स:** 0141-2227360, 2227761

**ई–मेल:** rsmmljpr@bsnl.in, jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in, **वैब:** www.rsmm.com

**रजिस्टर्ड ऑफिस :** सी-89-90, **जन पथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर**

CIN No. U14109RJ1949SGC000505, GSTIN: 08AAACR7857H1Z0


ई–निविदा संख्याः एफ.6(1)76/CC/2025/28 दिनांकः 27.04.2026

## ई–निविदा प्रपत्र के नियम एवं शर्तें

1.0 **कार्य एवं कार्य क्षेत्र :–**

1.1 बाड़मेर एवं नगौर जिले में स्थित है कि सोनडी लिग्नाईट खदान एवं कसनाउ मातासुख लिग्नाईट खदान पर उपलब्ध दो (02) फायर ब्रिगेड वाहनो के संचालन हेतु चार (04) कुशल (चालक) एवं चार (04) उच्च कुशल (फायरमेन) श्रमिको की सेवायें उपलब्ध करवाने हेतु ऑन–लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं ।

1.2 खदानों पर नियोजित किये जाने वाले चालको के पास भारी वाहन संचालन का ड्राइविंग लाइसेन्स अधिकृत आरटीओ से जारी होना चाहिए। इसी प्रकार खदानों पर नियोजित फायरमेन के पास **मान्यता प्राप्त संस्थान / राज्य अग्निशमन विभाग से** Fireman / Fire Fighting **का वैध प्रमाणपत्र** होना आवश्यक है। **प्रमाणपत्र निविदा की अंतिम तिथि तक वैध होना चाहिए।**

1.3 इसी प्रकार खदानों पर नियोजित फायरमेन के पास **औद्योगिक इकाई / खदान / सार्वजनिक उपक्रम / सरकारी / अर्द्ध-सरकारी संस्था में अग्निशमन कार्य का न्यूनतम 01 वर्ष का प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी** होना आवश्यक है।

1.4 प्रत्येक खदान पर एक (01) चालक एवं एक (01) फायरमेन प्रथम पारी (सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक) तथा एक (01) चालक एवं एक (01) फायरमेन द्वितीय पारी में (दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक) प्रत्येक फायर ब्रिगेड़ वाहन के संचालन हेतु उपलब्ध करवाना होगा।

1.5 वाहनों पर नियोजित चालक (भारी वाहन संचालन का ड्राइविंग लाइसेन्स) **कंपनी** द्वारा दी गई लोगबुक में चलित किलोमिटर, डीजल भरवाने की मात्रा प्रतिदिन इन्द्राज करनी होगी। इसी के साथ वाहन की साफ सफाई एवं अन्य किसी भी प्रकार की मरम्मत के सम्बन्ध में सूचना अधिकृत अधिकारी को समय पर देनी होगी।

1.6 वाहनों पर नियोजित फायरमेन (फायरमेन डिप्लोमा/फायरमेन सर्टिफिकेट) जिसे फायर वाहनों पर लगे हुए पम्प के संचालन का पूर्ण तकनीकी अनुभव होना आवश्यक है। फायरमेन द्वारा दैनिक रूप से पम्प पर लगे सभी प्रकार के वॉल्व, हाउस (Hoses) पाइप्स, लेडर (Ladder), वाटरगन एवं दूसरे तकनीकी पुर्जों रखरखाव करना होगा।

1.7 राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, एस.बी.यू. एवं पी.सी.–लिग्नाईट कार्यालय जो कि खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर (राज.) में स्थित है जिसकी इकाई जिला बाड़मेर एवं नगौर जिले में स्थित है कि सोनडी लिग्नाईट खदान एवं कसनाउ

मातासुख लिग्नाईट खदान पर उपलब्ध दो (02) फायर ब्रिगेड वाहनो के संचालन हेतु कुशल एवं उच्च कुशल श्रमिकों की सेवाओं की आवश्यकता है।

2.0 **कार्य अवधि :–**

कार्य आदेश जारी करने की तिथि से या निर्धारित तिथि से एक **(01) वर्ष** के लिए होगा।

3.0 **निविदा की वैधता :**

निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत निविदा की अवधि 120 दिन के लिए मान्य होगी। इस वैधता अवधि या बढाई गई वैधता अवधि में कोई भी परिवर्तन या संशोधन या निरस्तीकरण निविदा में नहीं किया जा सकेगा । लेकिन अगर निविदादाता ऐसा करता है तो ऐसे निविदादाता की धरोहर राशि/बयाना राशि को जब्त कर लिया जायेगा । अगर निविदादाता कार्य को स्वीकार करने या कार्य को निर्धारित समय में नहीं करता है तो निविदादाता की धरोहर राशि/अमानत राशि को जब्त कर लिया जायेगा

4.0 **पात्रता :–**

निविदाओं को निम्न योग्यताओं के आधार पर आगे की प्रक्रिया के लिए प्रि–क्वालिफाइड किया जावेगाः

4.1 निविदाकर्ता राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, वस्तु एवं सेवाकर (जी. एस.टी.), आयकर (पेन नम्बर), राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट, 1932 के अन्तर्गत तथा इण्डियन कम्पनी एक्ट, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

"बोलीदात्ता (Bidder) के द्वारा निविदा प्रस्तुत किये जाने के समय राजस्थान श्रमिक अनुबंधित अधिनियम एवं श्रमिक अनुबंध नियम, 1970/ संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अद्यतन प्रावधानों के अन्तर्गत पंजीकरण करवाना आवश्यक है।बोलीदाता द्वारा पंजीकरण प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। यदि नियमों के अन्तर्गत बोलीदाता पंजीकरण बाध्यता की सीमा में नहीं है तो वह तदनुसार वचन–पत्र (Untertaking) प्रस्तुत करते हुए बोली में भाग ले सकता है।

नोट :– सफल बोलीदाता को यह शपथ–पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा कि निविदा अवधि के दौरान यदि उसके द्वारा राजस्थान श्रमिक अनुबन्धित अधिनियम एवं श्रमिक. अनुबनध नियम, 1970/संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत पंजीकरण कराया जाना आवश्यक हो तो तदनुसार पंजीकरण कराते हुए प्रमाण–पत्र की प्रति संबंधित कार्यालय को उपलब्ध करवाई जा सकेगी।

4.2 निविदाकर्ता के पास कम से कम रुपये 10,90,000/– का कारोबार तीन वित्तीय वर्ष क्रमशः 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में से किसी एक वर्ष में स्वयं के नाम से होना आवश्यक है। टर्न ओवर के पक्ष में चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा सत्यापित दस्तावेज ॱपजी 18 digit UDIN) (बेलेन्स शीट, टीडीएस सर्टिफिकेट, इन्कम टैक्स रिटर्न इत्यादि) संलग्न करना आवश्यक है।

4.3 निविदाकर्ता के पास समान प्रकृति के कुशल श्रेणी या उच्च कुशल श्रेणी के श्रमिक खदानों पर उपलब्ध करवाने से सम्बन्धित कार्य का अनुभव होना आवश्यक है, इस सम्बन्ध में कम से कम रुपये 10,90,000/– (**दस** लाख **नब्बे हजार** मात्र) राशि का एक सम्पादित कार्य प्रमाण–पत्र गत तीन वित्तीय वर्ष क्रमशः 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में से किसी एक वर्ष में स्वयं के नाम होना आवश्यक है।

4.4 जो निविदाकर्ता/व्यवसायी/वास्तविक अधिकारी/संस्थान का साझेदार/किसी सहकारी समिति का सदस्य/ संस्थान का कोई निदेशक जो कि आर.एस.एम.एम.एल. का लिग्नाईट खरीददार या खरीददार का मध्यस्थ/सम्पर्क अधिकारी/आर.एस.एम.एम.एल. के लिग्नाईट का परिवहन प्रतिनिधि हो तो ऐसे निविदाकर्ता इस निविदा में भाग लेने के लिये पात्र नहीं होंगे। इस प्रकार की निविदा प्राप्त होने पर वे निरस्त कर दी जायेंगी ।

4.5 जिन निविदाकर्ताओं को कम्पनी द्वारा पूर्व में किसी भी कार्य हेतु कार्यादेश जारी किया गया हो उसके पश्चात् यदि उसे निविदाकर्ता ने स्वीकार नहीं किया हो या कार्य बीच में छोड़ दिया हो या निविदाकर्ता की गलती की वजह से कार्यादेश कम्पनी द्वारा निरस्त कर दिया गया हो तो ऐसे निविदाकर्ता इस निविदा में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे तथा कम्पनी द्वारा/अन्य सरकारी विभागों द्वारा प्रतिबन्धित किये गये निविदाकर्ता भी इस निविदा में भाग लेने के लिये पात्र नहीं होंगे जितने समय के लिये उन्हें प्रतिबन्धित किया गया है ।

4.6 ई–निविदाकर्ता अपनी निविदा दिनांक 13.05.2026 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय, खनिज भवन, तिलक मार्ग, जयपुर में सांय 03:00 बजे तक प्रस्तुत करेगा तथा निश्चित समय एवं तिथि पर उपस्थित निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ई–निविदा का प्रथम भाग (तकनीकी एवं वाणिज्यिक प्रस्ताव) खोला जाएगा, तथा सफल निविदाकर्ताओं को सूचीबद्ध किया जाकर ऐसे सूचीबद्ध निविदाकर्ताओं का ही द्वितीय भाग (दर प्रस्ताव) बाद में खोला जाएगा उसकी सूचना सफल निविदाकर्ताओ को भिजवायी जावेगी ।

4.7 ई–निविदा के बारे में विस्तृत जानकारी ई–निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है जो fd www.rsmm.com, eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.rajasthan.nic.in पर उपलब्ध है । इस हेतु कार्यालय समयावधि में किसी भी कार्यदिवस को प्रबन्धक (कार्मिक एवं प्रशासन–अनुबन्ध) से भी सम्पर्क किया जा सकता है ।

4.8 बयाना राशि रू. 43,600/– निविदा प्रस्ताव के साथ जमा करानी होगी ।

उपरोक्त के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा स्वीकृत नहीं की जावेगी, किसी भी प्रकार से निविदा प्राप्ति में देरी अथवा विलम्ब के बारे में दावा मान्य नहीं होगा । कम्पनी के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

निविदाकर्ता का कोई नजदीकी रिश्तेदार जैसे पिता, माता, भाई, बहन, पुत्र या पुत्री एवं कोई रिश्तेदार/अंशधारक/निदेशक मण्डल सदस्य आर.एस.एम.एम.एल. में कार्यरत है तो ऐसे निविदाकर्ता इस निविदा में भाग लेने का अधिकारी नहीं होगा।

**बयाना राशि (बोली प्रतिभूति) :–**

5.1 निविदा प्रपत्र के साथ निविदा सूचना अनुसार निर्धारित बयाना राशि रूपये 43,600/– निविदा प्रस्ताव के साथ जमा करानी होगी ।

5.2 उपरोक्त के अलावा निविदाकर्ता द्वारा ई–पेमेन्ट द्वारा बयाना राशि का भुगतान भी किया जा सकता है जिसके लिये आरएसएमएम लिमिटेड के बैंक खाते इत्यादि का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| | |
|---|---|
| Name of beneficiary | RSMM LTD., JAIPUR |
| Name of Bank | **ICICI Bank** |
| Bank Location | Khanij Bhawan, Tilak Marg,Jaipur |
| Type of Account | C.D. |
| C.D. Account No. | **678605000722** |
| IFSC Code | **ICIC 0006786** |

निविदाकर्ता को उपरोक्त बयाना राशि अन्तिम तिथि से पूर्व जमा करवाना होगा एवं इस हेतु बैंक के संबंधित रेफरेन्स आईडी नम्बर की प्रति ई–निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा ।

5.3 बिना बयाना राशि के निविदा प्रपत्र स्वीकृत नहीं किये जाएंगे।

5.4 बयाना राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

5.5 असफल निविदाकर्ता की बयाना राशि सफल निविदाकर्ता को कार्य का आदेश दिये जाने एवं उसके द्वारा कार्य प्रारम्भ करने के पश्चात लौटा दी जाएगी ।

5.6 सफल निविदाकर्ता की बयाना राशि को धरोहर राशि में समायोजित किया जा सकेगा ।

5.7 अगर सफल निविदाकर्ता कार्यादेश जारी करने के पश्चात् पन्द्रह दिनों में कार्यारम्भ नही करता है तो बयाना या अन्य जमा राशि जब्त कर ली जाएगी व कार्यादेश निरस्त किये जाने का अधिकार कम्पनी को होगा । ऐसे संविदाकार भविष्य में कम्पनी की किसी निविदा में भाग नहीं ले सकेगें ।

5.8 निविदाकर्ता द्वारा जमा बयाना राशि निम्न परिस्थितियों में कम्पनी द्वारा जब्त की जा सकती हैः–

i) यदि निविदाकर्ता निविदा देने के पश्चात वैद्यता अवधि के दौरान अपनी निविदा व प्रस्ताव को परिवर्तित करता अथवा वापिस लेता है ।

ii) यदि निविदाकर्ता जारी कार्य आदेश को निर्धारित अवधि के अन्दर प्राप्त कर स्वीकृति प्रदान नहीं करता है ।

iii) यदि निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र में उल्लेखित निर्धारित अवधि के अन्दर वाँछित धरोहर राशि जमा नहीं करवाता है ।

iv) यदि निविदाकर्ता प्रपत्र में उल्लेखित निर्धारित अवधि के अन्दर अनुबन्ध सम्पादित नहीं करता है ।

v) यदि यह कम्पनी द्वारा सुनिश्चित हो जाता है कि निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने के समय अथवा बाद में निविदाकर्ता ने गलत सूचना व जाली दस्तावेज निविदा प्रपत्र में संलग्न किये हैं ।

vi) यदि कार्य आदेश जारी होने के पश्चात निर्धारित अवधि में कार्य आरम्भ नही किया जाता है।

6.0 धरोहर राशि :–

6.1 सफल निविदाकार धरोहर राशि को एक मुश्त/RA Bill (Running Account Bill) में कटौती अथवा एफडीआर, आरटीपीपी एक्ट के प्रावधानों के अन्तर्गत जमा करा सकता है। कम्पनी की निविदा शर्तों के अनुसार धरोहर राशि की दर कुल ठेका राशि की 10 प्रतिशत है।

6.2 सफल निविदाकर्ता किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एवं प्राईवेट सेक्टर बैंक के (अधिकृत सार्वजनिक एवं प्राईवेट बैंको की सुची पेज संख्या 32 परिशिष्ट–श पर देखें।) जयपुर में अपना शाखा कार्यालय होने से जारी कुल अनुबंध मूल्य के 10 प्रतिशत के बराबर एसडी को फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद एफडीआर से कर सकता है। एफडीआर आरएसएमएमएल के नाम पर सफल बोलीदाता के खाते में होगी और उसके द्वारा अग्रिम में दी जाएगी। फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद को स्वीकार करने से पहले, यह स्वीकार करना प्राधिकरण सुनिश्चित करेगा कि सफल बोलीदाता, सफल बोलीदाता की सहमति के बिना कंपनी को मांग पर फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद का भुगतान / समय से पहले भुगतान करने के लिए बैंक से एक उपक्रम प्रस्तुत करता है। सिक्योरिटी डिपॉजिट को जब्त करने की स्थिति में, फिक्स्ड डिपॉजिट ठेकेदार/उसके द्वारा विरोध किए बिना ऐसे फिक्स्ड डिपॉजिट पर अर्जित ब्याज के साथ जब्त किया जाएगा।

6.3 अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय सफल निविदाकर्ता, प्रत्येक बिल की राशि से 10 प्रतिशत धरोहर राशि के कटौती का विकल्प प्रस्तुत कर सकता है। ऐसे मामले में, सफल बोलीदाता की धरोहर राशि की राशि को कुल धरोहर राशि तक पहुंचने में समायोजित किया जा सकता है, या यदि सफल बोलीदाता धरोहर राशि की पूरी राशि

जमा करता है, तो उसे वापस कर दिया जाएगा।

6.4 धरोहर राशि को अनुबंध अवधि के समाप्त होने के छः माह बाद लौटायी जायेगी लेकिन अनुबन्धकर्ता को अनुबंध से संबंधित उसके सारे दायित्व पूरे करने होंगे और कोई बकाया नहीं प्रमाण पत्र कंपनी को प्रस्तुत करना होगा।

6.5 कंपनी को पूर्ण अधिकार होगा कि वह पूर्ण या आंशिकतौर पर धरोहर राशि को जब्त कर सकती है. तब जब अनुबन्धकर्ता या तो अनुबंध के अधीन अपने दायित्व पूरे नहीं करें या कंपनी से संबंधित सभी देयताओं को कंपनी को भुगतान करने में असफल हो।

6.6 अगर अनुबन्ध अवधि के दौरान किसी भी कारणवश धरोहर राशि कम पड़ती है तो अनुबंधकर्ता को अतिरिक्त धरोहर राशि जमा करानी पडेगी। कंपनी धरोहर राशि की पूर्ति अनुबंधकर्ता के मासिक बिलों में से भी कर सकती है।

6.7 धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

6.8 **अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति.**– (1) RTPP नियम 75क में यथा विनिर्दिष्ट कार्य सम्पादन प्रतिभूति के अतिरिक्त, असंतुलित बोली के मामले में सफल बोली लगाने वालों से अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति भी ली जायेगी। अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति. असंतुलित बोली रकम के पचास प्रतिशत के बराबर होगी। अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति, करार के निष्पादन से पूर्व सफल बोली लगाने वाले द्वारा एकमुश्त जमा की जायेगी। अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति ई–ग्रास, मांगदेय ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, सरकारी प्रतिभूतियों या बैंक गारंटी या इलेक्ट्रानिक बैंक गारटी (ई–बीजी)) के माध्यम से जमा की जायेगी।

स्पष्टीकरण : इस नियम के प्रयोजन के लिए–

(i) असंतुलित बोली से प्राकल्लित बोली मूल्य के पन्द्रह प्रतिशत से कम की कोई बोली अभिप्रेत है।
(ii) प्राकल्लित बोली मूल्य से उपापन संस्था द्वारा बोली दस्तावेजों में उल्लिखित उपापन की विषय–वस्तु का मूल्य अभिप्रेत है।
(iii) असंतुलित बोली रकम से प्राकल्लित बोली मूल्य के पिच्चासी प्रतिशत में से बोली लगाने वाले के द्वारा उत्कथित बोली रकम घटाने पर प्राप्त अन्तर की रकम अभिप्रेत है ।

**(**परतु बीस करोड़ रुपये या अधिक लागत वाली और हाईटेक परियोजना के रूप में स्टेट ई–गवर्नेस मिशन टीम (एसईएमटी), सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान द्वारा अनुमोदित सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस परियोजना से संबधित असतुलित बोली के मामले में, अतिरिक्त संपादन प्रतिभूति ली जानी अपेक्षित नहीं होगी ।**)**

(2) अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति, सम्पूर्ण कार्य के समाधानप्रद रूप से पूरा हो जाने के पश्चात् सविदाकार को प्रतिदत्त की जायेगी। यूदि संविदाकार द्वारा नियत समय के भीतर कार्य पूरा नहीं किया जाता है, तो उपापन सस्था द्वारा अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति समपहृत की जायेगी। असंतुलित बोली और अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति के लिए उपबंध, उपापन संस्था द्वारा बोली दस्तावेज में उल्लिखित किये जायेंगे ।

7.0 **ई–निविदा प्रक्रियाः**

7.1 निविदाकर्ता अपनी निविदा राजस्थान सरकार की वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in पर ईलैक्ट्रोनिक माध्यम से ऑन–लाईन ही प्रस्तुत कर सकते हैं । अन्य किसी माध्यम से निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।

7.2 निविदाकर्ता इस विषय की विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर दिये गये लिंक पर दी गई जानकारी से इस प्रक्रिया के बारे में जान सकते हैं ।

7.3 इच्छुक निविदाकर्ता को स्वयं को उपरोक्त ई–निविदा पोर्टल पर पंजिकृत कराना आवश्यक होगा **तत्पश्चात्** ही ई–निविदा को ऑन–लाईन भरने के लिए पात्र होंगे ।

7.4 इच्छुक निविदाकर्ता के पास ई–निविदा प्रक्रिया को सम्पादित करने के लिए भारत सरकार के आई.टी. एक्ट–2000 के प्रावधानों के तहत **डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है** एवं ई–निविदा के सभी दस्तावेज आदि निविदाकर्ता द्वारा डिजिटली हस्ताक्षरित करने होंगे। जिसके बगैर उपरोक्त निविदा प्रक्रिया स्वीकृत नहीं होगी ।

7.5 डाउनलोड किये गये ई–निविदा प्रपत्र में किसी भी प्रकार का संशोधन, निविदाकर्ता द्वारा नहीं किया जावेगा एवं उल्लंघन की स्थिति में ऐसी निविदा को निरस्त माना जायेगा ।

7.6 निविदा का सम्पूर्ण विवरण एवं प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है, जिसको निविदाकर्ता द्वारा डाउन–लोड किया जावेगा ।

7.7 निविदाकर्ता द्वारा सभी संलग्न दस्तावेज तथा निविदा प्रपत्र स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित, मोहरबन्द किये जाना आवश्यक है। उपरोक्त समस्त दस्तावेजों व निविदा प्रपत्र को डिजिटली हस्ताक्षरित कर संबंधित वेबसाईट पर ऑनलाईन अपलोड करना है।

7.8 अपलोड किये गये निविदा प्रपत्र ही निविदा प्रस्तुतिकरण के लिये मान्य होगा बशर्ते की निविदाकर्ता ने अपेक्षित ई–निविदा प्रपत्र शुल्क (आर.एस.एम.एम.एल., जयपुर के नाम देय) तथा ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क (एम.डी., आर.आई.एस.एल., जयपुर के नाम देय) एवं निर्धारित बयाना राशि (आर.एस.एम.एम.एल., जयपुर के नाम देय) जमा कराई है।

7.9 उपरोक्त दस्तावेजों के साथ में ई–निविदा प्रपत्र शुल्क, ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क तथा बयाना राशि रू. 43,600/– अपने ई–निविदा प्रस्ताव के साथ अपलोड करना आवश्यक है । उपरोक्त तीनों शुल्कों के बारे में विवरण अथवा डी.डी. की स्केन कॉपी अपलोड न करने पर ई–निविदा मान्य नहीं होगी ।

7.10 निविदाकर्ता उपरोक्त शुल्क तथा निविदा प्रपत्र की पात्रता के अनुसार वांछित मूल पत्रों को समूह महाप्रबन्धक (लिग्नाईट), एसबीयू एवं पीसी – लिग्नाईट, जयपुर को नियत तिथि व समय पर या उससे पूर्व प्रेषित/प्रस्तुत करेगें । इन प्रपत्रों के ऊपर निविदाकर्ता अपना नाम, पता, टेलीफोन नम्बर तथा निविदा संख्या एवं कार्य का विवरण साफ–साफ अक्षरों में अंकित करेगा । निविदा प्रपत्र नियत समय पर प्रस्तुत न करने की अवस्था में या किसी भी प्रकार का विलम्ब होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।

7.11 ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क इस निविदा के लिये रूपये 500/– (रूपये पांच सौ मात्र) निर्धारित है जो कि एम.डी., आर.आई.एस.एल. के नाम डी.डी./बी.सी. के जरिये जयपुर में देय होगी। निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 1180/– तथा निर्धारित बयाना राशि ई–पेमेन्ट/डी.डी./बी.सी. द्वारा आर.एस.एम.एम.एल., जयपुर के पक्ष में देय है।

7.12 उपरोक्त विवरण इन्द्राज करने के पश्चात् निविदाकर्ता को उक्त राशियों के मूल डी.डी. /बी.सी./ई–पेमेन्ट जमा के बाबत् रेफरेन्स आई.डी., समूह महाप्रबन्धक (लिग्नाईट), एसबीयू एवं पीसी– लिग्नाईट, खनिज भवन, तिलक मार्ग, जयपुर के कार्यालय में निविदा में निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा निविदा प्रपत्र को निरस्त माना जावेगा ।

7.13 प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताए किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

8.0 **ई–निविदा प्रपत्र दो भागों में भरा जायेगा, जोकि निम्न प्रकार से हैं :–**

प्रथम भाग – तकनीकी वाणिज्यिक (Techno-commercial Part) - परिशिष्ट 'य'
द्वितीय भाग – कार्य की दरें (Rate Part / BOQ) - परिशिष्ट 'द'

8.1 **प्रथम भाग : तकनीकी वाणिज्यिक** (Techno-commercial Part)

i) निविदाकर्ताओं को परिशिष्ठ–(य) के अनुसार निम्न जानकारी प्रस्तुत करना आवश्यक है:–

(अ) वांछित बयाना राशि का विवरण ।
(ब) नाम, पता, ई–मेल, टेलिफोन नं0, मोबाइल नं., फैक्स नं0 इत्यादि की जानकारी।
(स) फर्म की स्थिति में फर्म के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र) की सत्यापित फोटो प्रति एवं साझेदारी डीड की सत्यापित फोटो प्रति ।
(द) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित फोटो प्रति ।
(य) पेन कार्ड नम्बर की प्रमाणित फोटो प्रति ।

ii) नियुक्त कर्मचारियों की जानकारी परिशिष्ट–(अ) में प्रस्तुत करना ।

iii) निविदा प्रपत्र में अतिरिक्त शर्तें नहीं होने, निविदाकर्ता को पूर्व में कम्पनी द्वारा निलम्बित न किये जाने व कम्पनी के साथ कोई भी लम्बित विवाद न होने हेतु अण्डरटेकिंग परिशिष्ट–(ब) के अनुसार देनी होगी ।

iv) राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम–1970 के अन्तर्गत जारी सक्षम प्रधिकारी के रजिस्ट्रेशन/लाइसेंस प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति **या अंडरटेकिंग** ।

v) कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम–1952 के अन्तर्गत जारी सक्षम प्राधिकारी से जारी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति ।

vi) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम–1948 के अन्तर्गत जारी सक्षम प्राधिकारी से जारी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति ।

vii) राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम–1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट–1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट–1956 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी से जारी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति ।

viii) कारोबार तीन वित्तीय वर्ष क्रमशः 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में से किसी एक वर्ष में स्वयं के नाम की सी.ए. ऑडिट रिर्पोट्स की स्व–प्रमाणित फोटो प्रतियां ।

ix) सम्पादित कार्य प्रमाण–पत्र गत तीन वित्तीय वर्ष क्रमशः 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में से किसी एक वर्ष में स्वयं के नाम ।

x) अन्य दस्तावेज जो आवश्यक हों की स्व–प्रमाणित फोटो प्रतियां (यदि हों तो)।

xi) निविदाकर्ता एम.एस.एम.ई.डी. एक्ट 2006 (Micro, Small and Medium Enterprises Development Act, 2006) के अन्तर्गत पंजिकृत हो तो परिशिष्ठ–(स) के अनुसार घोषणा।

xii) राजस्थान लोक उपानन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपानन नियम, 2013 में समय–समय पर जारी संशोधन भी लागू रहेंगे ।

xii) राजस्थान लोक उपानन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपानन नियम, 2013 की अनुपालना में निविदा प्रपत्र में निम्न परिशिष्ठ संलग्न किये है:–

Annexure A: Compliance with the code of Integrity and No Conflict of Interest.
Annexure B: Declaration by the Bidder regarding Qualifications.
Annexure C: Grievance Redressal during Procurement Process and Form No.1
Annexure D: Additional Conditions of Contract.

xiii) **राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 30.04.2018 में उल्लेखित राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम, 2013 के अन्तर्गत मानव संसाधन की सेवाओं के उपापनों के संबंध में दिये गये दिशा निर्देश भी प्रभावशाली होंगे एवं परिपत्र दिनांक 30.04.2018 इस निविदा का भाग रहेगा ।**

नोट– **Annexure B** में निविदाकर्ता द्वारा घोषणा किया जाना आवश्यक है।

8.2 **द्वितीय भाग – कार्य की दरें (Rate Part/BOQ)**

कार्य की दरें ऑन–लाईन भरनी हैं । निविदाकर्ता अपनी प्रस्तावित दरें पोर्टल पर उपलब्ध ई–निविदा के BOQ फॉर्म में ही भरें ।

- **कार्य की दरें बिना जी.एस.टी. के भरनी है ।**
- कार्य की दरें ऑन–लाईन निविदा भरने का प्रोफॉर्मा परिशिष्ठ–(द) के अनुसार है। निविदाकर्ता इस परिशिष्ठ BOQ को वेबसाईट से डाउनलोड कर अपनी दर प्रस्ताव को भरने के पश्चात अपलोड करेंगे। **किसी भी स्थिति में निविदाकर्ता द्वारा दिये गये सैम्पल दर प्रस्ताव फोरमेट (जोकि मात्र निविदाकर्ता की जानकारी हेतु संलग्न किया गया है) में दर इंगित करना निषेध है, इस स्थिति में निविदा निरस्त मानी जावेगी।**
- निविदाकर्ता कार्य की दरें प्रथम भाग या किसी अन्य लिफाफे में या अन्य माध्यम से प्रस्तुत नहीं करें, ऐसे दर प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे तथा निविदाकर्ता यदि अपनी दरें निविदा के किसी भाग में इंगित करता है तो इस अवस्था में इस निविदाकर्ता को स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।
- प्रथम तकनीकी–वाणिज्यिक भाग में सफल निविदाकारों को सूचीबद्ध किया जाएगा एवं मात्र सफल सूचीबद्ध निविदाओं का ही द्वितीय भाग (कार्य की दरों से संबंधित) खोला जाएगा। सफल निविदाकारों को द्वितीय भाग खोलने की तिथि के बारे में अलग से अवगत करा दिया जाएगा ।
- निविदाकर्ता दोनों स्थानों अथवा किसी एक स्थान के लिये निविदा देने हेतु स्वतंत्र हैं/दे सकते हैं।

- ***The office memorandum of Ministry of Finance, GoI, New Delhi dated 28.01.2014 and guidelines of Ministry of Commerce, GoI, New Delhi dated 17.09.2014, the following shall be implemented by the tenderer who are participating in the tender:***

  ***"The bidder shall quote service charge as % (percentage) of minimum wages in the prescribed column of BOQ.***

  ***"If a firm quotes Nil charges/consideration, the bid shall be treated as unresponsive and will not be considered."***
  ***"The bidder necessarily has to quote over and above Zero percent service charge (zero percent includes all derivates of zero upto 0.9999) and any service charge not adhering to the Ministry of Commerce & Industry. Department of Commerce, GoI, New Delhi guidelines order no. 31/14/1000/2014-GA dated 17.09.2014 shall be considered unresponsive and such bid shall not be considered."***

9.0 <u>निविदाओं का मूल्यांकन एवं कार्य आदेशः</u>

9.1 सफल निविदाकारों के दर प्रस्ताव का कम्पनी द्वारा मूल्यांकन किया जावेगा। उचित दर पाये जाने पर न्यूनतम प्रस्ताव को कम्पनी द्वारा स्वीकार किया जायेगा, *यदि दो सफल निविदाकारों की न्यूनतम दर एक समान पायी जाती है तो* फिर पिछले वित्तीय वर्ष (2024–25) में अधिक टर्नओवर करने वाले बोलीदाता को कम्पनी द्वारा कार्यादेश दिया

जायेगा। इस सन्दर्भ में कम्पनी द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा। तथापि न्यूनतम दर प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हो तो कम्पनी द्वारा इस निविदा प्रपत्र के क्लॉज 10.0 के तहत कार्यवाही भी की जा सकती है।

9.2 सफल निविदाकार को कार्यादेश सक्षम अधिकारी से अनुमोदन होने के पश्चात् ही जारी किया जावेगा।

9.3 सफल निविदाकर्ता को जारी कार्यादेश की स्वीकृति के पश्चात तीस (30) दिन में कम्पनी के साथ अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने होगें, जोकि इस निविदा की शर्तों, स्वीकृत दरों आदि पर आधारित होगा।

9.4 सफल निविदाकर्ता कार्यादेश जारी होने के पश्चात संविदाकार/संविदाकर्ता माना जावेगा।

9.5 संविदाकार द्वारा अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने के पश्चात ही कम्पनी द्वारा संविदाकर्ता के बिलों का भुगतान किया जायेगा। संविदाकर्ता द्वारा अनुबन्ध हेतु अपेक्षित मूल्य का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर प्रस्तुत करना होगा तथा कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष अनुबन्ध हस्ताक्षरित करने होंगे। नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर का मूल्य कार्यालय महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, राजस्थान सरकार के आदेश क्रमांक एफ. (34)जन/2017–18/8435 दिनांक 01.06.2018 के अनुसार होगा एवं समय–समय पर संशोधित परिपत्र भी लागू रहेंगे।

10.0 नेगोशियेशन :–

10.1 कम्पनी द्वारा केवल न्यूनतम दर प्रस्ताव ($L_1$) देने वाले निविदाकर्ता से नेगोशियेशन किया जा सकता है। न्यूनतम दर प्रस्ताव देने वाले निविदाकर्ता के दर प्रस्ताव को उपयुक्त न पाने की अवस्था में कम्पनी प्रबन्धन लिखित काउन्टर ऑफर द्वारा न्यूनतम निविदा कर्ता को अपना प्रस्ताव देने पर विचार कर सकती है और यदि यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाता है तो कम्पनी या तो निविदा प्रक्रिया को निरस्त कर पुनः निविदा आमन्त्रित करेगी अथवा उसी काउन्टर आफर को द्वितीय न्यूनतम दर प्रस्ताव देने वाले निविदाकर्ता ($L_2$) को तत्पश्चात् तृतीय न्यूनतम दर प्रस्ताव देने वाले निविदाकर्ता ($L_3$) को एवं दर प्रस्ताव प्रक्रिया के उपरोक्त क्रमानुसार दिया जावेगा। जो भी निविदाकर्ता इस प्रक्रिया के अनुसार काउन्टर आफर स्वीकार करेगा उसे कार्य आदेश कम्पनी द्वारा जारी किया जा सकता है।

10.2 अगर निविदाकर्ता द्वारा नेगोशियेशन के दौरान दिया हुआ प्रस्ताव उसके प्रारम्भिक दर प्रस्ताव से अधिक है तब भी निविदाकर्ता पूर्व में भरी हुई कम दर प्रस्ताव पर कार्य करने हेतु बाध्य होगा ।

10.3 नेगोशियेशन के दौरान निविदाकर्ता के प्रतिनिधि को निविदाकर्ता द्वारा लिखित सहमति/अधिकार पत्र (written authority) प्रस्तुत करना होगा जिसमे की यह स्पष्ट वर्णित होगा कि उसका प्रतिनिधि निविदा प्रपत्र में भरी हुई दर प्रस्ताव को संशोधित/बदलने के लिए प्राधिकृत है ।

11.0 <u>कर एवं दरें</u>

i) **निविदाकर्ता को प्रस्तुत दरो मे वस्तु एवं सेवा कर** (Goods and Service Tax) **सम्मिलित नहीं करना होगा अन्य सभी प्रकार की ड्यूटी शामिल करनी होगी जो की निविदा की अंतिम तिथि तक लागु हो। प्रस्तुत दरे कार्य अविधि के दौरान स्थिर रहेंगी एवं निविदा मे वर्णित शर्तो के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की वृद्धि देय नहीं होगी।**

ii) **वस्तु एवं सेवा कर का समय से भुगतान करना एवं टैक्स रिटर्न समय से जमा करवाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी कांट्रेक्टर की रहेगी। इसके तहत प्राप्त निर्धारित क्रेडिट** RSMML **को मिले यह सुनिश्चित करना भी कांट्रेक्टर का कार्य होगा।**

iii) **यदि किसी कारणवश RSMML को क्रेडिट नहीं मिलता है तो कंपनी कांट्रेक्टर को देय बिल / सिक्योरिटी डिपाजिट मे से यह क्रेडिट राशि कटौती करने के लिए स्वतंत्र रहेगी।**

iv) **कार्य के लिए देय भुगतान के GST return भरने मे हुई गलती या देरी एवं Reversal of input tax credit (ITC) के कारण पेनेल्टी लगने की परिस्तिथी मे देय राशि का भुगतान कांट्रेक्टर द्वारा किया जायेगा, यदि ऐसा नहीं होता है तो कंपनी यह राशि कांट्रेक्टर को देय राशि मे से कटौती / समायोजित कर सकती है।**

v) निविदादाता को निविदा दर भरते समय सभी प्रकार के डयूटी एवं लेवीज, जो इस कार्य से संबंधित हो जोडकर भरनी होगी। इस विषय में अनभिज्ञता अगर निविदादाता द्वारा दर्शायी गयी, तो वह अतिरिक्त पेमेन्ट इस एवज में प्राप्त करने का अधिकार नहीं रखता है।

vi) अगर निविदा भरने के बाद कर एवं डयूटी बढती है या घटती है या निरस्त हो जाती है या नयी इम्पोज की जाती है और जो अनुबंधित कार्य से संबंधित है तो आरएसएमएमएल अनुबंधकर्ता से कर एवं डयूटी की वसूली करेगा या अनुबंधकर्ता को इन करों एवं डयूटी की क्षतिपूर्ति करेगा लेकिन इसके लिए अनुबन्धकर्ता को कंपनी को इससे संबंधित दस्तावेज देने होंगे। कंपनी को आयकर या अन्य कर जो इस कार्य से संबंधित हो की कटौती करने का पूर्ण अधिकार है।

12.0 <u>बिलों का भुगतानः</u>

12.1 संविदाकार को बिलों का भुगतान मासिक आधार पर किया जाएगा एवं मासिक बिल बाडमेर एवं नागौर लिग्नाईट, परियोजना पर लगाये गए दो–दो कुशल श्रेणी एवं दो–दो उच्च कुशल श्रेणी के कामगार की उपस्थिति सहित अधिकृत अधिकारी से प्रमाणित करवाकर खनिज भवन, जयपुर कार्यालय में प्रस्तुत किये जावें।

12.2 महीने का कार्य पूर्ण होने पर संविदाकार अगले माह के प्रथम सप्ताह में दो या अधिकतम 7 तारीख तक बिल दो (02) प्रतियों में कम्पनी के अधिकृत प्रयोगकर्ता द्वारा प्रमाणित करवा कर प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेगा ।

12.3 साधारणतः मासिक बिल का भुगतान वैधानिक कटौतियाँ करने के बाद एवं बिल प्रस्तुत करने के पन्द्रह (15) दिन की अवधि के अन्दर अकाउन्ट–पेयी चैक के द्वारा कर दिया जाएगा ।

12.4 निर्धारित समयावधि तक बिल प्रस्तुत नहीं करने पर उसका भुगतान साधारणतया अगले माह में किया जायेगा ।

13.0 कार्य में नियोजित कामगार :–

13.1 निविदाकर्ता द्वारा इस कार्य हेतु नियोजित कामगारों की सूचना संलग्न **परिशिष्ट संख्या 'अ'** में कार्य आरम्भ करने से पूर्व कम्पनी द्वारा अधिकृत अधिकारी को लिखित रूप मे देनी होगी। **कामगारों का पुलिस सत्यापन भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।**

13.2 निविदाकर्ता द्वारा नियोजित कामगार योग्य, वयस्क, स्वस्थ विशेषतः चर्म रोग या ऐसी कोई संक्रमण वाली बीमारी से ग्रसित नहीं होने चाहिए । इस आशय का प्रमाण पत्र स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी कार्य आरम्भ करने से पूर्व देना होगा ।

13.3 सभी नियुक्त कामगार मृदुभाषी, कुशल, व्यवहारिक एवं अनुशासित व साफ सुथरी वर्दी में होना आवश्यक है ।

13.4 सामान्यतः कामगारों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए परन्तु परिवर्तन करने पर उसकी सूचना **परिशिष्ट 'अ'** में देनी अनिवार्य होगी ।

13.5 यदि कोई भी कामगार अनुशासनहीनता या कम्पनी कार्य में दखलंदाजी या किसी प्रकार की हानि करते पाया गया तो निविदाकर्ता को ऐसे कामगार को तुरन्त हटाना होगा ।

13.6 नियुक्त कोई भी कामगार बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, गुटका, शराब अथवा किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करेगा। ऐसे पदार्थ का सेवन किये हुए/करते हुए पाये जाने पर ऐसे कामगार को तुरन्त हटाना होगा। इससे होने वाले समस्त नुकसान की भरपाई निविदाकर्ता के मासिक बिलों मे से की जाएगी । **इस संबंध में निविदाकर्ता को एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा** ।

13.7 कामगारों को वेतन, भत्ता इत्यादि का भुगतान निविदाकर्ता द्वारा देय होगा । वेतन भुगतान आदि से संबंधित समस्त रिकार्ड प्रतिमाह कम्पनी द्वारा अधिकृत अधिकारी से सत्यापित कराने की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी। अगर निविदाकर्ता अपने कामगारों का भुगतान नहीं करता है तो कम्पनी को यह अधिकार होगा कि वह निविदाकर्ता के मासिक बिलों अथवा अमानत राशि में से कटौती करके ऐसे कामगारों को देय मासिक वेतन का भुगतान अपने स्तर पर करें ।

13.8 निविदाकर्ता द्वारा नियोजित कामगारों को राज्य सरकार द्वारा किसी भी प्रकार महामारी के सम्बन्ध में जारी अधिसूचनाओं का पालन सुनिश्चित करवाना होगा।

14.0 **निविदाकर्ता के सामान्य दायित्व :–**

14.1 निविदाकर्ता पर नियोजित कामगारों का वेतन–भुगतान, सुरक्षा, अनुशासन इत्यादि की पूर्ण जिम्मेदारी होगी एवं प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित कामगारों के कृत्यों के लिए निविदाकर्ता उत्तरदायी होगा ।

14.2 निविदाकर्ता अपने कार्य निष्पादन से सम्बन्धित सभी वैधानिक नियम व उप–नियमों की पालना करेगा । सभी नियम व उप नियम जो कि वर्तमान में लागू हैं एवं भविष्य में लागू किये जाऐं, की भी अनुपालना निविदाकर्ता द्वारा की जायेगी ।

14.3 निविदाकर्ता अपने कार्य निष्पादन से संबंधित सभी दायित्वों, देनदारियों जो कि कामगारों ओर कोई तृतीय पक्ष के मजदूर एवं नियोजित कामगारों को किसी भी नियम एवं उपनियम के तहत देय होगी से सम्बन्धित भुगतान करने के लिए स्वयं बाध्य होगा ।

14.4 सफल निविदाकर्ता कर्मचारियों से सम्बन्धित कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 घातक दुर्घटना अधिनियम 1855 के अन्तर्गत दिये गये नियमों, उपनियमों समय समय पर किये गये संशोधनों का निर्वहन नहीं किये जाने पर उसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों अथवा अन्य व्यक्तियों को होने वाली क्षतिपूर्ति के लिए पूर्णरूप से जिम्मेदार रहेगा ।

14.5 संविदा लागू होने की स्थिति में निविदाकर्ता को कर्मचारी भविष्यनिधि अधिनियम और उसके अंतर्गत बनी हुई योजनाएं/नियमों और निविदाकर्ता द्वारा नियोजित कामगारों पर लागू होने वाले सभी नियमों/अधिनियमों के अंतर्गत अपना अंशदान जमा कराने का दायित्व होगा । निविदाकर्ता ऐसे कर्मचारियों से उनका अंशदान वसूल करेगा और अपने अंशदान (भविष्य निधि अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी दर अनुसार अपने अंशदान की बराबर राशि) के साथ सीधे क्षेत्रिय भविष्य निधि कार्यालय अथवा कंपनी के पी.एफ.ट्रस्ट में जमा कराएगा । कम्पनी (आर.एस.एम.एम.एल.) के पी.एफ. ट्रस्ट में जमा कराये गये अंशदान पर कर्मचारी के वेतन (मूल वेतन तथा मंहगाई भत्ता) का 1.15 प्रतिशत प्रशासनिक शुल्क के रूप में कम्पनी द्वारा वसूला जावेगा । इस प्रशासनिक शुल्क में से 0.18 प्रतिशत के बराबर राशि कम्पनी द्वारा निरीक्षण शुल्क के रूप में क्षेत्रिय भविष्यनिधि कार्यालय में जमा कराई जावेगी । निविदाकर्ता के द्वारा चूक होने की स्थिति में कम्पनी को वह राशि निविदाकर्ता की ओर से जमा करानी होगी अतः निविदाकर्ता उस राशि का कम्पनी को पुनर्भरण के लिए बाध्य होगा । कंपनी निविदाकर्ता की ओर से किये गये ऐसे अंशदान की राशि के समायोजन के लिए अधिकृत होगी । निविदाकर्ता ऐसे रिकार्ड के रखरखाव और नियमों के अंतर्गत संबंधित अधिकृत अधिकारियों को नियमित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए भी बाध्य

होगा । कंपनी के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण हेतु मांगने पर ऐसे समस्त रिकार्ड एवं प्रतिवेदन को निविदाकर्ता उपलब्ध कराएगा । श्रमिकों से संबंधित समय समय पर समूह महा प्रबन्धक/महा प्रबन्धक और राज्य सरकार **या केंद्र** सरकार द्वारा बनाए गये नियमों/अधिनियमों जैसे श्रमिकों को वेतन का भुगतान, वेतन भुगतान अवधि, अनाधिकृत कटौतियाँ, वेतन बुक एवं पर्चियों, वेतन की सूचना का प्रकाशन और नियोजन की अन्य शर्तें, निरीक्षण एवं अवधिपरक प्रतिवेदनों का प्रेषण एवं अन्य संबंधित प्रावधानों की पूर्ण पालना करेगा ।

14.6 **क्षैत्रिय भविष्य निधि आयुक्त, जयपुर द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 22.12.2017 एवं इसी संबंध में आर.एस.एम.एम.एल. के सचिव, भविष्य निधि द्वारा जारी प्रावधान भी लागू रहेंगे ।**

15.0 **निविदाकर्ता के विशेष दायित्व (राज्य सरकार के परिपत्र एफ.2(1)वित्त/एसपीएफसी/2017 दिनांक 30.04.2018 के अनुसार) :–**

(i) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केंद्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व संबंधित संवेदक का होगा।

(ii) राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ संबंधित उपापन संस्था (आर.एस.एम.एम.एल.) को प्रस्तुत की जायेगी।

(iii) संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का न्यूनतम अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातों में ही किया जायेगा। संबंधित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खाते में जमा कराई गई राशि का विवरण संबंधित उपापन संस्था (आर.एस.एम.एम.एल.) को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातों में जमा कराई गई राशि के विवरण बाबत् उपापन संस्था (आर. एस.एम.एम.एल.) की संतुष्टि होने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।

(iv) श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व संबंधित संवेदक का होगा।

(v) श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग **केंद्र** सरकार की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्धि होने पर उपापन संस्था (आर.एस.एम.एम.एल.) द्वारा संवेदक को बढ़ी न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

(vi) संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक को अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी. एफ. और ई.एस.आई. के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में संबंधित चालान की प्रति प्रस्तुत किए जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जावेगा।

(vii) संवेदक द्वारा प्रत्येक कार्य स्थल पर Display Boards लगाये जायेंगे, जिन पर संवेदक का नाम, संविदा अवधि, कार्य की प्रगति, श्रमिकों हेतु Helpline नम्बर एवं संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं करने की शिकायत करने संबंधी प्रावधान का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाऐगा।

(viii) राज्य में लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी. एफ. एवं ई.एस.आई. की राशि जमा कराने का दायित्व संवेदक का होगा।

(ix) संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तुत एवं सेवा कर (GST) की राशि

अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करों को जमा करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की ही होगी। संवेदक द्वारा गत माह में जमा कराये गये वस्तुत एवं सेवा कर (GST) के चालान / **रिटर्न** की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नहीं किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवा कर (GST का भुगतान नहीं किया जायेगा। उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवा कर (GST के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

(x) श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार ( The code of social Security, 2020 , The code of wages, 2019, The industrial Relations Code, 2020 and The occupational safety health and working conditions code, 2020 ) द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों, अधिसूचनाओं, दिशा–निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संवेदक स्वयं उत्तरदायी होगा।

(xi) यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था (आर. एस.एम.एम.एल.) का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(xii) नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1974 में निहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिकों को हटाने, कार्यमुक्त करने नोटिस वेतन, छंटनी, मुआवजा आदि देने का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

(xiii) कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई. करवाने/सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिये उपापन संस्था (आर.एस.एम.एम.एल.) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

(xiv) यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत उपापन संस्था (आर.एस.एम.एम.एल.) को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था (आर.एस.एम.एम.एल.) इस संबंध में श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगा और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में संवेदक को Debar कराने की कार्यवाही करेगी।

(xv) यदि किसी संस्था द्वारा कार्य की विशिष्ट प्रकृति के मद्देनजर किसी निर्धारित प्रतिशत में कोई अतिरिक्त राशि मानव संसाधन हेतु स्वीकृत करा रखी हो, तो उक्त अतिरिक्त राशि का न्यूनतम मजदूरी में सम्मिलित नहीं करते हुए इसे पृथक से भुगतान हेतु अंकित किया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी उपापन संस्था द्वारा अतिरिक्त राशि के रूप में न्यूनतम मजदूरी का 10 प्रतिशत की सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर रखी है तो न्यूनतम मजदूरी के ऊपर 10 प्रतिशत का पृथक से भुगतान संवेदक को किया जायेगा। उक्तानुसार विशिष्ट कार्य करने वाले संबंधित श्रमिक को 10 प्रतिशत (न्यूनतम मजदूरी का) अतिरिक्त भुगतान करने का दायित्व संबंधित संवेदक को होगा।

